एक नजर में

## कांटाफोड़ शिव मंदिर पर पूजन की नि:शुल्क सामग्री



नवलखा स्थित मनकामेश्वर कांटाफोड़ शिव मंदिर पर मंदिर की भक्त मंडली के सहयोग से पवित्र श्रावण मास के उपलक्ष्य में सुबह 9 बजे से 100 लीटर दूध के साथ ही भगवान भोलेनाथ के अभिषेक के लिए बिल्व पत्र, हल्दी, चावल, कुमकुम एवं अबीर सहित सभी पूजन सामग्री नि:शुल्क उपलब्ध रहेगी. मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विष्णु बिंदल, टीकमचंद गर्ग एवं संयोजक बी.के. गोयल ने बताया कि पूरे सावन माह में आम भक्तों के लिए प्रतिदिन 100 लीटर दूध एवं अन्य सभी पूजन सामग्री की नि:शुल्क व्यवस्था उपलब्ध रहेगी. प्रत्येक सोमवार को मंदिर के रजत मंडित गर्भगृह स्थित भगवान भोलेनाथ, उनके त्रिशूल, डमरू एवं नागदेवता का भी मनोहारी पुष्प श्रृंगार किया जाएगा.

## मोह से मुक्त हुए बिना आगे बढ़ना संभव नहीं



इंदौर. आसक्ति अथवा मोह से मुक्त हुए बिना धर्म के क्षेत्र में आगे बढ़ना संभव नहीं है. आसक्ति की कोई सीमा नहीं होती. धन, पुत्र, पत्नी, भाई सहित किसी भी वस्तु के प्रति आसक्ति हो सकती है. दूसरे शब्दों में यह मोह का ही स्वरूप है. धर्म के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए पहली पात्रता यही होना चाहिए कि हम आसक्ति से मुक्त हों. आसक्ति का त्याग किए बिना किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ना संभव नहीं है. अर्बुद गिरिराज जैन श्वेताम्बर तपागच्छ उपाश्रय ट्रस्ट पीपली बाजार, जैन श्वेताम्बर मालवा महासंघ एवं नवरत्न परिवार इंदौर के तत्वावधान में एयरपोर्ट रोड स्थित नरसिंह वाटिका पर चल रहे चातुर्मासिक अनुष्ठान में जैनाचार्य विश्वरत्न सागर ने सोमवार को महावीर स्वामी द्वारा रचित उत्तराध्ययन सूत्र की विवेचना के दौरान उक्त दिव्य विचार व्यक्त किए. इस मौके पर आयोजन समिति की ओर से अध्यक्ष पारस बोहरा, संयोजक पुण्यपाल सुराणा, कैलाश नाहर आदि ने सभी समाजबंधुओं की अगवानी की। विश्वरत्न सागर की पावन निश्रा में चातुर्मास संयोजक ललित सी. जैन, दिलसुखराज कटारिया, प्रीतेश ओस्तवाल आदि ने लाभार्थी परिवारों का बहुमान किया. चातुर्मास प्रभारी दीपक सुराणा, शैलेन्द्र नाहर, अंकित मारू, रीतिश आशीष जैन, मोनीष खुबाजी एवं ऋषभ कोचर ने विभिन्न व्यवस्थाएं संभाली. धर्मसभा में शहर के अलावा आसपास के कस्बों और गांवों के श्रद्धालु भी बड़ी संख्या में पुण्य लाभ ले रहे हैं. धर्मसभा को मुनि प्रवर उत्तमरत्न सागर ने भी संबोधित किया. चातुर्मास प्रभारी प्रीतेश ओस्तवाल ने बताया कि नरसिंह वाटिका पर प्रतिदिन सुबह 9 बजे से चातुर्मासिक धर्मसभा का आयोजन जारी है.

## माहेश्वरी कुटुम्ब की जय महेश कावड़ यात्रा 20 को

इंदौर. पवित्र श्रावण मास की अगवानी एवं भगवान शिवाशिव की आराधना स्वरूप संस्था माहेश्वरी कुटुम्ब की मेजबानी में जय महेश कावड़ यात्रा इस बार 20 जुलाई को सुबह 8 बजे गुमाश्ता नगर स्थित मुकुट मांगलिक भवन से प्रारंभ होकर शहर के पश्चिम क्षेत्र के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए गुमाश्ता नगर स्थित शिव मंदिर पहुंचेगी, जहां भगवान भोलेनाथ से समाज, शहर एवं देश-प्रदेश में हरियाली और खुशहाली के लिए प्रार्थना की जाएगी. यात्रा संयोजक शारदा प्रकाश अजमेरा ने बताया कि पिछले कई वर्षों से माहेश्वरी कुटुम्ब परिवार द्वारा श्रावण मास में इस अनूठी कावड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें शहर माहेश्वरी बंधुओं के साथ ही वैश्य समाज के बंधु भी पूरे श्रद्धा भाव से शामिल होकर भगवान शिवशिव की आराधना करते हैं. इस बार भी रविवार 20 जुलाई को सुबह 8 बजे मुकुट मांगलिक भवन से यात्रा प्रारंभ होगी. यात्रा मुकुट मांगलिक भवन से नरेन्द्र तिवारी मार्ग, अन्नपूर्णा रोड, एक्सिस बैंक होते हुए उषा नगर, रणजीत हनुमान, नाकोड़ा चौक होते हुए गुमाश्ता नगर स्थित शिव मंदिर पर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक एवं महाआरती के साथ संपन्न होगी. यात्रा प्राभारी रूपेश-डॉ. दीप्ति भूतड़ा एवं आशीष-भावना बाहेती ने बताया कि यात्रा के व्यवस्थित संचालन के लिए संयोजक प्रकाश अजमेरा ने संरक्षक मंडल के महेश-संगीता मूंगड़, अशोक-मीना ईनानी एवं अशोक-कमला डागा के मार्गदर्शन में 21 सदस्यीय संचालन समिति का गठन किया है, जिसमें मुख्य रूप से पुष्प माहेश्वरी, मनोज छापरवाल, श्याम भांगड़िया, रूपेश भूतडा, श्रीमोहन सोमानी, राजेश चितलांगिया, कमलेश गगरानी, श्याम शारडा, अनिल काकानी सहित अनेक श्रद्धालु शामिल किए गए हैं। यात्रा की तैयारियां प्रारंभ हो चुकी हैं।

## दुग्धाभिषेक के साथ बाणेश्वरी कावड़ यात्रा का शुभारंभ



इंदौर. सावन के पहले सोमवार को सुबह रिमझिम फुहारों के बीच महेश्वर के अहिल्या घाट पर इंदौर के बाणेश्वरी कावड़ यात्रा में शामिल हजारों श्रद्धालुओं ने विधायक गोलू शुक्ला के नेतृत्व में मां नर्मदा का 101 लीटर दूध से अभिषेक एवं 1100 मीटर लंबी चुनरी समर्पित कर अपनी 180 कि.मी. लंबी कावड़ यात्रा का श्रीगणेश किया. सभी श्रद्धालुओं ने इसके पूर्व देवी अहिल्या की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया. इस अवसर पर तपोनिष्ठ संत हनुमादनास महाराज, प.पू. दयालु गुरू, प.पू. योगराज सरकार के सानिध्य में केन्द्रीय समाज कल्याण मंत्री सावित्री ठाकुर, महेश्वर के विधायक राजकुमार मेव, पूर्व विधायक पांचीलाल मीणा सहित अनेक विशिष्टजन मौजूद थे, जिन्होंने यात्रा का शुभारंभ किया. यात्रा प्रभारी दीपेन्द्रसिंह सोलंकी ने बताया कि अल सुबह बोल बम और भगवान भोलेशंकर के जयघोष के शंखनाद के बीच श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा की पूजा अर्चना के बाद अपनी-अपनी कावड़ में पवित्र जल भरकर गुजरी के लिए प्रस्थान किया. महेश्वर नगर में भी कावड़ यात्रा का जबर्दस्त स्वागत हुआ. विधायक राजकुमार मेव, दयाल गुरू एवं अन्य संतों की मौजूदगी में महेश्वर के नागरिकों ने कावड़ यात्रा का आत्मीय स्वागत किया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार, 15 जुलाई को मानपुर पहुंचेगी.

## फिजियोथेरेपी व आस्टोपैथ की वर्कशाप संपन्न



इंदौर. फिजियोथेरेपी एक ऐसी चिकित्सा पद्धति है जिसमें मरीज को हॉस्पिटल में भर्ती होना जरूरी नहीं है. इसमें चीर - फाड़ भी नहीं होती और मेडिसिन भी जरूरी नहीं. केवल हाथ- पैरो के दवाब और आधुनिक मशीनों की मदद से चिकित्सा की जाती है. यह बात वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. महेश साहू ने वर्कशॉप के समापन पर आयोजित प्रमाण पत्र वितरित कार्य क्रम में कहीं. डॉ. साहू ने कहा कि जिन मरीजो को घुटने का दर्द, जोड़ो का दर्द, स्लीप डिस्क, आर्थ-राइटिस, फोजन शोल्डर की समस्याओ के कारण आपरेशन कराना पड़ता था, अब वे मरीज भी फिजियोथेरेपी चिकित्सा से ठीक हो रहे है। इस वजह से आपरेशन में भी कमी आई है. इस मौके पर फिजियो - थेरेपिस्ट डॉ. मनीष अरोड़ा, डॉ. पूजा गोयल, डॉ. कृष्णा जलोनिया, डॉ. मधुलिका सेठिया ने भी अपने विचार रखे. प्रवीण जोशी ने बताया कि फिजियोथेरेपी और आस्टोपैथ की दो दिवसीय वर्कशाप में सभी 35 प्रतिभागियो ने अपने अनुभवों को शेयर किया. वर्कशॉप में इंदौर के अलवा देहरादून, भोपाल, उज्जैन, नीमच, प्रयागराज, लखनऊ आदि शहरो के 35 फिजियोथेरेपिस्ट शामिल हुए.

# नर्मदा नदी की स्वच्छता के लिए केन्द्र से ली जाएगी मदद : विजयवर्गीय

### पहले चरण में 2459 करोड़ रुपए से होगा काम



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. नर्मदा नदी को स्वच्छ रखने और निर्मल बनाए रखने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है. इसके लिए राष्ट्रीय नदी जल संरक्षण योजना में केन्द्र सरकार से हरसंभव मदद ली जाएगी. उक्त योजना में पहले चरण में 2459 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे.**

यह बात नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने आज मंत्रालय में बैठक के दौरान कही. नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने आज राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना की समीक्षा बैठक ली. विजयवर्गीय ने शहर विकास कंपनी के अधिकारियों से कहा कि नर्मदा नदी मध्यप्रदेश की जीवनरेखा है. नर्मदा को स्वच्छ और निर्मल बनाएं रखने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है. मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि योजना के क्रियान्वयन के पहले कंपनी के अधिकारी अपने स्तर पर भौतिक सर्वे कर लें। उन्होंने कहा कि अर्बन डेवलपमेंट कंपनी द्वारा नदी किनारे शहरों में सीवरेज प्लांट के काम समय-सीमा में पूरे किए जाएं. उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास, जल संसाधन और नर्मदा घाटी विकास के अधिकारियों के साथ समन्वय कर योजना के संबंध में प्रोजेक्ट पर आगे की कार्रवाई की जाएं. औद्योगिक क्षेत्रों में निकलने वाले दूषित पानी को नदी में मिलने से रोकने और ट्रीटमेंट के उपाय को प्रोजेक्ट में शामिल करें. विजयवर्गीय ने कहा कि नर्मदा परिक्रमा स्थल के आस-पास के क्षेत्रों में भी सर्वे का किया जाए. उन्होंने वर्तमान में कार्यरत और निर्माणाधीन सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की भी जानकारी ली.

**निर्मल नर्मदा योजना का उद्देश्य**- उक्त योजना में नर्मदा नदी के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में अपशिष्ट जल उपचार कर पुन: उपयोग की प्रणाली निर्मित कर नदी को प्रदूषण मुक्त करना उद्देश्य है. ट्रीटमेंट वॉटर के पुन: उपयोग को बढ़ावा देना है. प्रदेश में नर्मदा नदी की कुल लंबाई 1077 किलोमीटर है। इसके अंतर्गत 54 शहरी और 818 ग्रामीण क्षेत्र आते हैं. योजना में 27 जिलों के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों को शामिल किया गया है.

### नदी से लगे धार्मिक स्थलों का भी हो सर्वे

बैठक में विजयवर्गीय ने कहा कि नर्मदा नदी के आस-पास अनेक धार्मिक स्थल हैं. इन क्षेत्रों में दूषित जल का ट्रीटमेंट करने के लिए प्लांट की स्थापना का काम जल्दी शुरू किया जाएं। उनको पर्यटन स्थल के रूप में कैसे विकसित किया जा सकता है, इसको भी प्रोजेक्ट में शामिल करने का कहा है. नगरीय विकास आयुक्त संकेत भोंडवे ने बताया कि नेशनल रिवर कंजरवेशन प्रोजेक्ट के अंतर्गत नर्मदा नदी की स्वच्छता के लिए इस वर्ष को ध्यान में रखकर योजना तैयार की गई है. उन्होंने बताया कि नदी के पास स्थित शहरों में अधिक से अधिक आवासों को सीवरेज प्लांट से जोड़ने पर काम किया जा रहा है. बैठक में नदी के आस-पास के क्षेत्रों में नगरीय निकायों के द्वारा पौधरोपण के कार्यक्रम किए जाएं.

# वीडियो में जश्न मनाता दिखा लव जिहाद का आरोपी अनवर कादरी

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** लव जिहाद के लिए फंडिंग के गंभीर आरोपों में फरार चल रहे कांग्रेस पार्षद अनवर कादरी की गिरफ्तारी के लिए जहां इंदौर पुलिस की टीमें दिल्ली और जम्मू-कश्मीर तक दबिश दे रही हैं, वहीं दूसरी ओर उसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें वह बर्थडे पार्टी में जश्न मनाते नजर आ रहा है. वीडियो में कादरी किसी करीबी का जन्मदिन मनाता दिख रहा है, जिसमें सात केक एक साथ काटे जा रहे हैं और आसपास कुछ लोग और भी मौजूद हैं. यह वीडियो सामने आते ही पुलिस के हाथ-पांव फूल गए हैं. अब जांच की जा रही है कि यह वीडियो हाल ही का है या पुराना और इसे कहां शूट किया गया. इस वीडियो को कादरी की लोकेशन तक पहुंचने के एक अहम सुराग के तौर पर देखा जा रहा है. पुलिस वीडियो में दिख रहे अन्य चेहरों की पहचान में भी जुटी है ताकि उनके जरिए कादरी तक पहुंचा जा सके. गौरतलब है कि कुछ दिन पहले सदरबाजार पुलिस ने लव जिहाद के मामले में दो युवकों को गिरफ्तार किया था, जिनसे पूछताछ में खुलासा हुआ कि उन्हें हिंदू लड़कियों से शादी करने के एवज में अनवर कादरी की ओर से पैसे दिए जाते थे. इसी आधार पर पुलिस ने कादरी पर मामला दर्ज किया और उस पर दस हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया है. अब तक उसकी लोकेशन नहीं मिल पाई है, लेकिन वीडियो ने जांच को नया मोड़ दे दिया है. पुलिस का कहना है कि वीडियो की टाइमिंग और लोकेशन का सत्यापन किया जा रहा है, और संभव हुआ तो इसी के जरिए उसे जल्द गिरफ्तार किया जा सकता है.



## शराब दुकान पर पथराव, प्रकरण दर्ज

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** बाणगंगा थाना क्षेत्र के नंदबाग इलाके में रविवार को शराब दुकान के खिलाफ वर्षों से चल रहे विरोध ने उग्र रूप ले लिया. आक्रोशित रहवासियों ने दिनदहाड़े दुकान में घुसकर तोड़फोड़ की, महिलाओं ने पत्थर बरसाए और दुकानदारों को जान बचाकर भागना पड़ा.



बाणगंगा क्षेत्र स्थित नंदबाग कॉलोनी में उस समय हंगामा मच गया जब दर्जनों महिलाओं सहित स्थानीय रहवासियों ने शराब दुकान पर अचानक धावा बोल दिया. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, रहवासियों का कहना है कि वर्षों से दुकान को हटाने की मांग की जा रही थी लेकिन प्रशासन और पुलिस द्वारा इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई. रविवार को दुकान के खुलते ही महिलाएं बड़ी संख्या में वहां पहुंचीं और पत्थरबाजी शुरू कर दी. उन्होंने दुकान के बाहर लगे बोर्ड और अंदर रखे सामान को नुकसान पहुंचाया. स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गई कि शराब विक्रेता जान बचाकर मौके से भाग निकले. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था.

# चलती ट्रक से लूट करने वाले दो शातिर बदमाश गिरफ्तार

### आईजी उमेश जोगा की निगरानी में देवास पुलिस की कार्रवाई

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** इंदौर-हरदा रोड पर चापड़ा क्षेत्र में ट्रक में चलती गाड़ी से माल चुराने की घटना का वीडियो जैसे ही सोशल मीडिया पर सामने आया, पुलिस प्रशासन तुरंत हरकत में आ गया. उज्जैन रेंज के पुलिस महानिरीक्षक उमेश जोगा की सतर्कता और सक्रियता के चलते दानी घाटी के दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है. यही नहीं, चोरी किया पूरा माल भी पुलिस ने बरामद कर लिया है.

गिरफ्तार आरोपियों के नाम नीरज पिता मांगू कंजर और रूपेश पिता मांगीलाल कंजर, दोनों निवासी दानी घाटी बताए गए हैं. प्रारंभिक पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया है कि उन्होंने बाइक से ट्रक का पीछा कर माल की चोरी की थी. घटना का तरीका और वीडियोग्राफ़ी देखकर स्पष्ट था कि ये पेशेवर और संगठित गिरोह से जुड़े लोग हैं.





इस हाईवे क्राइम को लेकर जब वीडियो उज्जैन आईजी उमेश जोगा के संज्ञान में लाया गया, तो उन्होंने तुरंत देवास एसपी को निर्देशित किया था. इसके बाद देवास पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों को चिह्नित कर धरदबोचा. पुलिस टीम की सक्रियता से न केवल आरोपी पकड़े गए बल्कि ट्रक से गिराया गया सामान भी बरामद कर लिया. इस सफलता को लेकर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन और आमजन ने आईजी उमेश जोगा और देवास पुलिस की तत्परता की सराहना की है. ट्रक ड्राइवरों का कहना है कि ऐसी कार्रवाइयों से अपराधियों के हौसले पस्त होंगे और हाईवे पर फिर से सुरक्षा का भरोसा लौटेगा.

**आरोपियों का रिकॉर्ड खंगाल रही पुलिस**

फिलहाल पुलिस आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड खंगाल रही है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि क्या ये गिरोह अन्य जिलों में भी इसी तरह की घटनाओं को अंजाम दे चुका है. ट्रक ट्रांसपोर्ट एसो. के सीएल मुकाती ने आईजी उमेश जोगा के साथ देवास पुलिस का भी आभार माना.

# श्रीलंका में मप्र पुलिस के दो एथलिटों ने जीते छह स्वर्ण

### जीआरपी इंदौर के सुरेन्द्र राठौर और अनोखी लाल वर्मा की धमाकेदार परफॉर्मेंस, विश्व मास्टर्स एथलेटिक्स में चमके

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. मध्यप्रदेश पुलिस ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि वह सिर्फ कानून-व्यवस्था में ही नहीं, खेल के मैदान पर भी देश का नाम रोशन करने में पीछे नहीं है. रेल पुलिस इकाई इंदौर के दो कर्मठ एथलीटों सुरेन्द्र सिंह राठौर और अनोखी लाल वर्मा ने श्रीलंका में आयोजित 38 वीं वर्ल्ड मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए तीन-तीन स्वर्ण पदक अपने नाम किए.**



श्रीलंका के डियोगामा स्थित महिन्दा राजपक्षे स्टेडियम में 5 और 6 जुलाई को हुए अंतरराष्ट्रीय आयोजन में दोनों खिलाड़ियों ने अपने आयु वर्ग की प्रतिस्पर्धाओं में न सिर्फ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, बल्कि भारतीय पुलिस बल की साख को भी वैश्विक मंच पर मजबूत किया. 60 प्लस आयु वर्ग में भाग ले रहे हेड कांस्टेबल सुरेन्द्र सिंह राठौर ने गोलाफेंक में 11.97 मीटर, चक्काफेंक में 36.99 मीटर और तारगोला फेंक में 27.65 मीटर की दूरी तय कर तीनों थ्रो इवेंट्स में स्वर्ण पदक अपने नाम किए. पूर्व में भी वे कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पदक जीत चुके हैं और अपनी तकनीकी दक्षता तथा फिटनेस के लिए पुलिस बल में विशिष्ट पहचान रखते हैं.

वहीं 55 प्लस वर्ग में दौड़ रही सब इंस्पेक्टर अनोखी लाल वर्मा ने 800 मीटर की रेस को 2 मिनट 20 सेकंड, 1500 मीटर को 5 मिनट 03 सेकंड, और 3000 मीटर स्टेपलचेज़ को 12 मिनट 57 सेकंड में पूरा कर तीनों ट्रैक स्पर्धाओं में स्वर्ण पर कब्जा जमाया. वर्मा की खेल यात्रा छात्र जीवन से ही प्रारंभ हुई. धार के शा.महाविद्यालय से लेकर अंतर-विश्वविद्यालय स्तर तक वे हमेशा अव्वल रही हैं. इस शानदार सफलता पर रेल पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा पाठक सोनी और डीएसपी ज्योति शर्मा ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है.

# जिला कोर्ट की पार्किंग फिलहाल होप मिल परिसर में ही जारी रहेगी

**हाईकोर्ट ने व्यवस्था बनाए रखने के दिए निर्देश**

**अभिभाषक संघ की रिट अपील पर सुनवाई के दौरान होप मिल प्रबंधन ने दी सहमति**

**इंदौर.** जिला न्यायालय के आसपास पार्किंग की स्थायी समस्या के बीच अधिवक्ताओं और आम लोगों को फिलहाल राहत मिलती रहेगी. सोमवार को हुई सुनवाई में होप मिल परिसर की जमीन पर जिला कोर्ट की अस्थायी पार्किंग जारी रखने पर सहमति जताई गई है. यह सहमति खुद होप मिल प्रबंधन की ओर से हाईकोर्ट में दायर रिट अपील की सुनवाई के दौरान दी गई.

दरअसल, जिला कोर्ट परिसर में जगह की कमी और वाहन बढ़ने के कारण अधिवक्ताओं, वादकारियों और कोर्ट आने-जाने वाले नागरिकों को पार्किंग की भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है. इसे देखते हुए पूर्व में होप मिल परिसर की एक हिस्से को अस्थायी पार्किंग के रूप में उपयोग में लिया जा रहा था.




हालांकि, मिल प्रबंधन द्वारा कुछ समय पूर्व इस व्यवस्था पर आपत्ति जताई गई थी, जिसके बाद इंदौर अभिभाषक संघ ने इस विषय को लेकर हाईकोर्ट में रिट अपील दायर की थी. अपील में मांग की गई थी कि जब तक वैकल्पिक स्थान न मिले, तब तक वर्तमान पार्किंग व्यवस्था को जारी रखा जाए. सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान होप मिल प्रबंधन की ओर से पार्किंग को जारी रखने पर आपत्ति नहीं जताई गई, जिसके बाद कोर्ट ने वर्तमान व्यवस्था को यथावत रखने के निर्देश दिए. मामले की अगली सुनवाई नियत तारीख पर होगी, लेकिन तब तक अधिवक्ताओं और कोर्ट आने वालों को होप मिल परिसर में पार्किंग सुविधा मिलती रहेगी. इंदौर अभिभाषक संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि पार्किंग को लेकर चल रही अनिश्चितता के बीच यह निर्णय राहत देने वाला है, लेकिन दीर्घकालीन समाधान के लिए प्रशासन को ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है.

**लंबे समय से जारी है अस्थायी व्यवस्था**

यह उल्लेखनीय है कि होप मिल परिसर में अस्थायी पार्किंग की यह व्यवस्था पिछले कुछ वर्षों से जारी है, लेकिन इसे लेकर समय-समय पर विवाद और असमंजस की स्थिति बनती रही है. अब कोर्ट के निर्देश के बाद कम से कम कुछ समय के लिए इस व्यवस्था को वैधानिक सहमति मिल गई है.

**सावन सोमवार** | **सावन के पहले सोमवार पर मंदिरों में हुआ विशेष श्रृंगार**

# फूलों और भस्म से दूल्हे के रूप में सजे भगवान भोलेनाथ

**इंदौर. सावन के पहले सोमवार को शहर शिव की भक्ति में डूबा नजर आया. सुबह से ही शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़े देखने को मिली. इस मौके पर भगवान भोलेनाथ का विभिन्न रूपों में श्रृंगार किया गया. हर तरफ बोल बम के नारे गूंजते रहे.**


विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य में चल रहे श्रावणी अनुष्ठान के दौरान आज सावन के पहले सोमवार पर देश की समृद्धि और जन कल्याण के उद्देश्य से आश्रम के 21 विद्वान आचार्यों एवं ब्राह्मणों द्वारा अभिषेकात्मक लघु रूद्र महायज्ञ किए गए. सावन के पहले सोमवार के उपलक्ष्य में संध्या को शिव मंदिर में दस तरह के फूलों एवं भस्म से भगवान का दूल्हे के रूप में श्रृंगार किया गया.



आश्रम परिवार के सुरेश शाहरा, पं. दिनेश शर्मा एवं राजेन्द्र महाजन ने बताया कि श्रावणी अनुष्ठान में संध्या को लक्ष्यार्चन आराधना एवं शिव महिम्न स्त्रोत के पाठ सहित भगवान शिवाशिव की आराधना के विभिन्न अनुष्ठान भी संपन्न हुए.

### फूलों से सजे हंसेश्वर महादेव

पीलियाखाल स्थित प्राचीन हंसदास मठ पर श्रहंसेश्वर महादेव का महाकालेश्वर के रूप में सूखे मेवे, फूलों, पत्तियों एवं सुगंधित द्रव्यों से मनोहारी श्रृंगार किया गया. महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज ने बताया कि हंस पीठाधीश्वर श्रीमहंत स्वामी रामचरणदास महाराज के सानिध्य में श्रावण मास के उपलक्ष्य में मठ पर विभिन्न अनुष्ठान प्रारंभ हुए.



विद्वान आचार्यों द्वारा अभिषेक, पूजन के अनुष्ठान किए गए। संध्या को हंसेश्वर महादेव का सूखे मेवे, फूलों एवं पत्तियों से महाकालेश्वर के रूप में मनोहारी श्रृंगार किया गया.

### 1100 पार्थिव शिवलिंग बनाये गए

नवरत्न बाग स्थित श्री विजय मारुति हनुमान मन्दिर पर महंत मंगल दास महाराज खाकी के सानिध्य में सावन मास का पहला



मनाया गया. प्रवीण जोशी ने बताया कि श्री वैष्णवी ग्रुप महिला मंडल ने 1100 पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया. शिवलिंग का दूध और मेवा - मिष्ठान और शहद से अभिषेक किया गया. विशेष श्रृंगार किया गया। रात्रि को महा आरती के बाद फलाहारी खिचड़ी का वितरण किया गया.

### श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

पारसी मोहल्ला स्थित प्राचीनतम शिव मंदिर जो कि लगभग 200 वर्ष पुराना है श्मशान के ऊपर स्थित है. पंडित महेश तिवारी ने बताया कि श्रद्धालुओं की आस्था का बड़ा केंद्र बना हुआ है आज सुबह से ही श्रद्धालुओं का दर्शन के लिए तांता लगा हुआ है. उपरोक्त जानकारी मुकेश कचोलिया एवं नीलेश रायकवार ने दी.

